प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 25.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी आज धनबाद के झरिया में अग्नि और भू–धंसान प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे निरीक्षण, पौधारोपण अभियान का भी करेंगे शुभारंभ।

2- नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा–झारखंड में पिछले एक वर्ष में विमान यात्रियों की संख्या में 2 लाख 64 हजार का हुआ इजाफा।

3- झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने विधायक जेपी पटेल और लोबिन हेंब्रम के दलबदल मामले में सुनवाई की पूरी, फैसला रखा सुरक्षित।

4- राज्य सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को नकद राशि देकर करेगी सम्मानित, 6 अगस्त तक खिलाड़ियों से मांगे आवेदन।

*********************

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी आज धनबाद दौरे पर आ रहे है। वे बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें कोकिंग कोल की जरूरत के साथ नई तकनीक के उपयोग पर चर्चा होगी। श्री रेड्डी इसके अलावा झरिया में अग्नि और भू–धंसान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। इस मौके पर कोल सेक्टर में पौधारोपण अभियान का भी शुभारंभ करेंगे।

*********************

झारखंड में पिछले एक वर्ष में विमान यात्रियों की संख्या में दो लाख चौसठ हजार का इजाफा हुआ है। केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश द्वारा पूछे गए सवाल पर यह जानकारी दी। वर्ष 2022–23 में झारखंड से होकर आने वाले विमान यात्रियों की संख्या चौबीस लाख उनासी हजार थी, जो 2023–24 में बढ़कर सताईस लाख तैंतालीस हजार हो गई है। झारखंड में देवघर–कोलकाता, देवघर–पटना, देवघर–रांची और जमशेदपुर–कोलकाता के बीच विमान सेवाओं का संचालन हो रहा है।

*********************

राज्य सरकार सभी सरकारी अस्पतालों को मरम्मत और रखरखाव के लिए प्रतिवर्ष 5 करोड़ रुपए तक की राशि देगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में 30 प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय में अनुबंध पर प्राध्यापकों की नियुक्ति, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लाभुकों को परिचय पत्र जारी करने, झारखंड समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड का विघटन और नए थानों एवं ओपी के सृजन संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

*********************

झारखंड विधानसभा के कल से शुरु होने वाले मॉनसून सत्र के सुचारु संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में अब से थोड़ी देर बाद शुरु होने वाली सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के लिए सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। मॉनसून सत्र दो अगस्त तक होगा, जिसमें कई सरकारी और गैर सरकारी कामकाज निपटाए जाएंगे।

*********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश दीपक रोशन की अदालत ने प्रोन्नति देने के मामले में टेट पास की अनिवार्यता को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शिक्षा विभाग को यह निर्देश दिया।

*********************

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची के प्रारूप का आज प्रकाशन हुआ। इस दौरान मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपने नाम को वेरिफाई किया और सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर नाम जांचो अभियान का हिस्सा बनें। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से बेहतर मतदाता सूची बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

*********************

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची के प्रारूप का आज प्रकाशन हुआ। इस दौरान मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपने नाम को वेरिफाई किया और सोशल मीडिया पर वीडियो

अपलोड कर नाम जांचो अभियान का हिस्सा बनें। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से बेहतर मतदाता सूची बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

*********************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण ने विधायक जेपी पटेल और लोबिन हेंब्रम के दलबदल मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा है। इसे लेकर वादी और प्रतिवादी को आज लिखित जवाब देने को कहा गया है। गौरतलब है कि राजमहल लोकसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय और भारतीय जनता पार्टी के विधायक जेपी पटेल ने कांग्रेस की टिकट पर हजारीबाग से लोकसभा का चुनाव लड़ा था।

*********************

रामगढ़ जिला के सुकरीगढ़ा सिल्वर ज्वेलरी कलस्टर को एक जिला एक उत्पाद के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

*********************

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की विशेष दूत सुचित्रा सिंहा ने जमशेदपुर में कहा कि मानवाधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मेरा अधिकार मेरी शक्ति कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालयों में किया जा रहा है। जानकारी के आदान–प्रदान के लिए विद्यार्थियों का व्हाट्स ग्रुप भी बनाया गया है।

*********************

गोड्डा जिले के प्रधान न्यायाधीश सह–डालसा अध्यक्ष राजेश  कुमार वैश्य ने दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि इकतीस जुलाई तक दिव्यांगों को लाभ दिलाने के लिए आवेदन लिया जाएगा, जबकि एक से सात अगस्त तक बाल सुधार गृह में जागरूकता कार्यक्रम का आय़ोजन होगा। पन्द्रह अगस्त तक शिक्षण संस्थानों में दिव्यांग बच्चों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण होगा।

*********************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>

- राज्यभर के एक हजार दो सौ पचास वित्तरहित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक और कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कल शैक्षणिक हड़ताल पर रहने की घोषणा की है।
- बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन सामाजिक निगमित दायित्व के तहत चार सौ टीबी मरीजों के बीच एंटी टीबी किट का वितरण करेगा।
- बोकारो जिला के चास में पीसीपीएनडीटी टीम ने कई अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक डायग्नोस्टिक सेंटर में गड़बड़ी का मामला सामने आने पर उसे सील कर दिया गया।
- झारखंड जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का आगाज कल होगा। राजधानी रांची के खेलगांव स्थित वीर बुद्ध भगत एक्वेटिक स्टेडियम में तीन दिनों तक यह चैंपियनशिप चलेगी।
- गिरिडीह में राज्य स्तरीय अंडर–15 और अंडर–19 बैडमिंटन प्रतियोगिता का कल आगाज हुआ। गिरिडीह के नव निर्मित इनडोर स्टेडियम में छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में दो सौ से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

*********************

राज्य सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करने वाले राज्य के खिलाड़ियों तथा कोच को नकद राशि देकर सम्मानित करेगी। खेल निदेशालय ने इस बाबत खिलाड़ियों और कोच से छह अगस्त तक आवेदन देने को कहा है। इसके लिए वैसे खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने 1 अप्रैल 2023 के बाद अंतरराष्ट्रीय और भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीता है।

******समाप्त********